**CBSE Class–3 Hindi**
**NCERT Solutions**
**रिमझिम पाठ- 2. शेखीबाज़ मक्खी**

**कैसी लगी कहानी|**
**प्रश्न- कक्षा में साथियों के साथ बातचीत करो|**
*** तुम्हें कहानी में कौन सबसे अच्छा लगा? क्यों?**
**उत्तर-** हमें कहानी में सबसे अच्छी लोमड़ी लगी क्योंकि उसने बड़ी चतुराई से काम लिया| उसने मक्खी को सबक सिखाने के लिए उसे मकड़ी के जाल में फँसा दिया| इसीसे मक्खी का घमंड चूर-चूर हो गया|

*** मक्खी मकड़ी के जाल में फँस गई थी| फिर क्या हुआ होगा? कहानी आगे बढ़ाओ|**
**उत्तर-** मक्खी मकड़ी के जाल में फँस गई| उसने जाल से निकलने की बहुत कोशिश की| वह जितनी कोशिश करती, उतनी ही अधिक फंसती जाती थी| अंत मे वह जाल में फँसकर मर गई| उसका घमंड चूर-चूर हो गया|

**कहानी का नाम**
**प्रश्न 1. अगर कहानी का नाम मक्खी को ध्यान में रखकर लोमड़ी और शेर को ध्यान में रखकर लिखा जाए तो उसके क्या-क्या नाम हो सकते थे|**
**उत्तर-** लोमड़ी को ध्यान में रखकर अगर कहानी का नाम लिखा जाता तो नाम होता – चालाक लोमड़ी, लोमड़ी और मक्खी|
शेर को ध्यान में रखकर कहानी का नाम लिखा जाता तो नाम होता – मूर्ख शेर, शेर और मक्खी|

**प्रश्न 2. अब तुम कहानी के लिए नया शीर्षक सोचो| यह शीर्षक कहानी के किसी पात्र पर नहीं होना चाहिए| (कहानी की किसी घटना के बारे में शीर्षक हो सकता है|)**
**उत्तर-** कहानी का नया शीर्षक हो सकता है – घमंडी का सर नीचा, घमंड का नतीजा|

**शेर की जगह तुम.............**
**प्रश्न 1. मक्खी ने जब शेर को जगाया तो वह आग बबूला हो गया| तुम्हें जब कोई गहरी नींद से जगाता है तो तुम क्या काम करते हो?**
**उत्तर-** यदि मै शेर की जगह होता तो आग बबूला नहीं होता| गहरी नींद से जगाने पर मैं तो मम्मी से कहता हूँ, मुझे अभी और सोने दो| मेरी नींद पूरी नहीं हुई है|

**प्रश्न 2. मक्खी उड़ाते-उड़ाते शेर ऊब गया था| तुम क्या करते-करते ऊब जाते हो?**
**उत्तर-** मैं अधिक देर तक टी.वी. देखते-देखते व स्कूल का काम करते-करते ऊब जाता हूँ|

**प्रश्न 3. मान लो तुम शेर हो| मक्खी ने तुम्हारे साथ जो कुछ भी किया वह लोमड़ी को बताओ|**

**उत्तर-** बहन लोमड़ी| मैं जंगल का राजा हूँ| मक्खी ने मेरे साथ बहुत बुरा व्यहार किया| पहले तो उसने मेरे कान में भिनभिना कर मुझे गहरी नींद से जगा दिया| जब मैंने उसे दूर हटने के लिए के लिए कहा और उसे मार डालने की धमकी दी तो उसने मुझे लड़ने की चुनौती दे डाली| मक्खी पहले मेरे कान पर बैठी तो मैंने उसे मारने के लिए पंजा मारा| तो वह उड़ गई और मेरा कान छिल गया| इसके बाद वह नाक पर, माथे पर, कभी गाल पर और कभी गर्दन पर बैठती| मैंने उसे मारने के लिए हर बार पंजा चलाया| पर वह हाथ नहीं आई| मैं पंजे लगने से कई जगह से घायल हो गया| मेरा बुरा हाल हो गया| बहन! अब तुम ही बताओ मैं क्या करूँ|

**प्रश्न 4. शेर तो भोजन करके आराम कर रहा था | तुम खाना खा कर क्या करते हो?**

**उत्तर -**|

*कभी - कभी आराम करते है या टहलने भी चले जाते हैं |

**प्रश्न- शेर ने भोजन में क्या खाया होगा ? तुम क्या - क्या खाते हो?**

**उत्तर -** शेर ने किसी जानवर का कच्चा मांस खाया होगा|

हम चावल , दाल , सब्जी , रोटी , और सलाद व फल खाते हैं|

**किसने क्या कहा**

**प्रश्न- नीचे कहानी से जुड़ी तस्वीरें दी गई हैं| उसमें कुछ न कुछ बोला जा रहा है| सोचो और लिखो कौन क्या बोल रहा है?**

**उत्तर-**



**मक्खी बोली-**वरना क्या कर लोगे? मैं क्या तुमसे डर जाऊँगी? मैं तो तुमसे भी लड़ सकती हूँ| हिम्मत हो तो आ जाओ.....



**शेर बोला-** मक्खी बहन, अब मुझे छोडो| मैं हारा और तुम जीती,बस |



**मक्खी बोली-** हाथी क्या तुम मुझसे लड़ सकते हो ?



**मक्खी बोली-** लोमड़ी रानी क्या तुम मुझसे डर गई?



**लोमड़ी बोली-** मक्खी रानी, उधर वह मकड़ी दिखाई दे रही हैं न, वह आपको गाली दे रही थी| उसकी ज़रा खबर लो न!

**कौन क्या?**

**प्रश्न- कहानी के हिसाब से बताओ|**

**उत्तर-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **घमंडी** | मक्खी | **डरपोक** | शेर |
| **चतुर** | हाथी | **सबसे चतुर** | लोमड़ी |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **समझदार** | हाथी | **आलसी** | शेर |

**चुटकी बजाते ही………**

**प्रश्न- चुटकी बजाने का मतलब होता है ‘बहुत जल्दी कर लेना|’**

***तुम कौन-कौन से काम चुटकी बजाते ही कर लेते हो? बताओ|**

**उत्तर-** हम दूध पीने, जूते पहनने, बालों में कंघा करने, स्कूल की वर्दी पहनने, अपनी बात बोलने का काम चुटकी बजाते ही कर लेते हैं|


*** अब तुम अपनी एक टोली बनाओ| तुममे से एक लीडर बनेगा| वह बाकी बच्चों को करने के लिए काम देगा| जिसे चुटकी बजाते ही करना होगा| जैसे बाहर से पाँच पत्तियाँ लाओ और उनके नाम बताओ या शेखीबाज़ मक्खी के पात्रों के नाम बताओ| जो सबसे जल्दी कर ले वह लीडर बने|**

**उत्तर-** हमने बिरजू, श्याम, अक्षित रमन और आंचल को लेकर एक टोली बना ली| हमारा लीडर बिरजू है| उसने श्याम को पाँच तरह की पत्तियाँ, रमन को पाँच तरह की दाल अक्षित को पाँच रंग की चीजे तथा चंचल को पाँच रंग के धागे और स्वयं को पाँच तरह के बटन लाने को कहा| अक्षित सबसे पहले पाँच रंग की चीजें लेकर लौटा और उसने पाँच रंगों के ठीक-ठीक नाम बताया| इस तरह वह हमारा लीडर बन गया| उसके बाद हमने खेल शुरू कर दिया|

शेखीबाज मक्खी के पात्रों के नाम हैं| मक्खी, शेर, हाथी, और लोमड़ी|

**रास्ता ढूँढो**

**यह मकड़ी उस रास्ते से जाना चाहती है, जिस पर चलकर सबसे ज्यादा जाले मिले| अंदर जाने के लिए 1, 2, 3, 4 और 5 में से कौन-सा रास्ता होगा?**




**उत्तर-** 4 नं. वाले में ज्यादा जाले मिलेंगे|

**भाषा की बात**

**प्रश्न- इन वाक्यों को अपने ढंग से लिखकर बताओ|**

*** शेर आग बबूला हो उठा|**

**उत्तर-** शेर गुस्से से काँ पने लगा|

*** उसकी ज़रा खबर लो न|**

**उत्तर-** उसके बारे में पता करो|

*** उस मकड़ी को तो मैं चुटकी बजाते ही ख़त्म कर देती हूँ|**

**उत्तर-** उस मकड़ी को मैं जल्दी ही मार देती हूँ|

*** जंगल के राजा के मुँह से ऐसी भाषा शोभा नहीं देती हैं|**

**उत्तर-** जंगल के राजा को ऐसा नहीं करना चाहिए|

**उड़ते मँडराते**

**प्रश्न- इनके पास तुमने अक्सर किन०किन को उड़ते-मँडराते देखा है?**

**उत्तर- *जलते बल्ब के आस-पास** <u>मच्छर, छिपकली</u>

*** खेतों में** टिड्डे मच्छर

*** इकट्ठे पानी के ऊपर** मच्छर मक्खी

*** फूलों पर** तितली भ्रमर

*** कचरे के ढेर पर** मक्खी मच्छर

*** हलवाई की मिठाई पर** मक्खी शहद की मक्खी

---

**कौन है शेखीबाज़**

**प्रश्न- क्या तुम किसी शेखीबाज़ को जानते हो? कौन है वह? वह किस चीज़ के बारे में शेखी बघारता है?**

**उत्तर-** मैं एक शेखीबाज़ को जानता हूँ| वह है मेरा पडोसी सलीम| वह अपने घर में बहुत अधिक विदेश चीज़े होने की शेखी बघारता है| वह कहता है कि हमारे पास विदेशी टेलीविजिन, कैमरा, कपड़े धोने की मशीन, टेलीफ़ोन, पंखे यहाँ तक की दीवारों पर लगी पेंटिंग्स भी विदेशी हैं|